PIB DECEMBER (http://gshindi.com/)

GS PAPER I

1. दिव्यांग : अधिकार आधारित सशक्तिकरण-:

Differently abled population in India

2011 की जनगणना के अनुसार भारत में 2.68 करोड़)2.21 प्रतिशतदिव्यांगजन हैं (, लेकिन कुछ अन्य अनुमानों के अनुसार वास्तविक संख्या इससे ज्यादा हमारी आबादी का 5 प्रतिशत अधिक हो सकती है।

Government schemes and Programme for disabled:

हालांकि पिछले कुछ वर्षों में दिव्यांगजनों के प्रति दृष्टिकोण में काफी बदलाव आया है। सरकार ने भी अब दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार आधारित आर्थिक सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित किया है।

- 3 दिसंबरअंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस। -
- भारत में 1995 के दिव्यांग व्यक्ति अधिनियम समान अवसर), अधिकारों का संरक्षण और संपूर्ण सहभागिता लागू होने के साथ ही उनके अधिकार आधारित आर्थिक सशक्तिकरण के लिए (पहला कदम बढ़ाया गया है। भारत का दूसरा कदम दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त स्वीकार करना है। राज्यसभा में एक (डी.पी.आर.सी.एन.यू) राष्ट्र समझौतानया विधेयक पेश किया गया है, जिसमें इस प्रक्रिया को बढ़ाने का प्रावधान है। इस विधेयक को अभी संसद से मंजूरी मिलनी है।

दिव्यांगों के सशक्तिकरण हेतु प्रयास -:

सुगम्य भारत अभियान-:

- यह अभियान लगभग एक वर्ष पहले 15 दिसंबर को शुरू किया गया था।
- **उद्देश्य:** सरकार के इस प्रमुख कार्यक्रम का उद्देश्य सक्षम और बाधारहित वातावरण तैयार कर दिव्यांगजनों के लिए सुगम्यता उपलब्ध कराना है।
- इसे तीन उद्देश्योंतैयार वातावरण में सुगम्यता -, परिवहन प्रणाली में सुगम्यता और ज्ञान तथा आईसीटी पारिस्थितिकी तंत्र में पहुंच पर केंद्रित किया गया है।

दिव्यांगजन अधिकार विधेयक, 2014:-

- यह 1995 के अधिनियम का स्थान लेगा।
- इस विधेयक में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार समूहों और कार्यकर्ताओं की कई मांगों को शामिल करने का प्रावधान है।
- इस विधेयक के कुछ महत्वपूर्ण प्रावधानों में कानून के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक सुगम्यता को अनिवार्य करना, प्रस्तावित लाभार्थी श्रेणियों की संख्या 7 से बढ़ाकर 19 करना, कम से कम 40 प्रतिशत विक्लांगता वाले व्यक्तियों को भी कुछ लाभ की पात्रता देना शामिल है।
- इसमें सभी सार्वजनिक भवनों, अस्पतालों और परिवहन के साधनों, मतदान केंद्रों आदि स्थानों पर दिव्यांगों के अनुकूल सुगम्यता उपलब्ध कराने का भी प्रावधान है।
- इस विधेयक के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करना कानून के अंतर्गत दंडनीय है। इसके अलावा प्रस्तावित कानून के जरिए सरकार ने दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के कई उपाय किए हैं।

सुगम्य पुस्तकालय-:

- सरकार ने इस वर्ष अगस्त में एक ऑनलाइन मंच"सुगम्य पुस्तकालयका शुभारंभ किया ", जहां दिव्यांगजन बटन क्लिक करते ही पुस्तकालय की किताबें पा सकते हैं।
- दिव्यांग व्यक्ति अपनी पंसद के किसी भी उपकरण जैसे मोबाइल फोन, टैबलेट, कम्प्यूटर, डैजी प्लेयर यहां तक की ब्रेल डिस्पले पर ब्रेल लिपि में भी कोई प्रकाशन पड़ सकते हैं।
- ब्रेल प्रेस वाले संगठन के सदस्य के जरिए ब्रेल लिपि में भी प्रति के लिए अनुरोध किया जा सकता है।

यूडीआईडी कार्ड-:

GENERAL STUDIES HINDI

- सरकार ने वेब आधारित असाधारण दिव्यांग पहचान कार्ड शुरू करने का प्रस्ताव (यूडीआईडी) किया है। इस पहल से दिव्यांग प्रमाण पत्र की प्रमाणिकता सुनिश्चित करने में बड़ी मदद मिलेगी और अलगअलग कार्यों के लिए कई प्रमाण पत्र साथ रखने की परेशानी दूर होगी-, क्योंकि दिव्यांग का प्रकार सहित विभिन्न विवरण ऑनलाइन उपलब्ध होगा।

छात्रवृत्ति योजना-:

सरकार ने मैट्रिक के पहले)46000 स्लॉट्स(, मैट्रिक के बाद)16650 स्लॉट्स और उच्च स्तरीय ( ) शिक्षा100 स्लॉट्सपाने के इच्छुक छात्रों के लिए भी योजना शुरू की है। (

स्वावलंबन-:

दिव्यांग व्यक्तियों के कौशल प्रशिक्षण के लिए पिछले वर्ष एक राष्ट्रीय कार्ययोजना का शुभारंभ किया गया। एनएसडीसी के सहयोग से दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने अगले तीन वर्षों पहले वर्ष में एक लाख), दूसरे वर्ष में डेढ़ लाख और तीसरे वर्ष में ढ़ाई लाख में पांच लाख दिव्यांग व्यक्तियों को कौशल प्रशिक्षण (देने का महत्वकांक्षी लक्ष्य तय करने का प्रस्ताव किया है। कार्य योजना का उद्देश्य 2022 के अंत तक 25 लाख दिव्यांगजनों को कौशल प्रशिक्षण देना है।

सामाजिक अधिकारिता शिविर-:

विभाग दिव्यांगजनों को सहायता और उपकरण वितरित करने के लिए शिविर आयोजित करता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सितंबर में गुजरात में आयोजित ऐसे एक शिविर में 11 हजार से अधिक दिव्यांगजनों को सहायता और सहायक उपकरण वितरित किए। देश भर के दूरदराज के इलाकों म-ें रहने वाले दिव्यांगजनों की जरूरतों को पूरा करने के लिए भी इसी प्रकार के शिविर आयोजित किए गए।

चिंता के क्षेत्र (Some cause of concern) ----:

- दिव्यांगजनों के लिए पहले कानून के एक दशक से भी अधिक गुजर जाने और समय समय पर-विशेष भर्ती अभियान के बावजूद सरकारी नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षित सीटों में से लगभग एक प्रतिशत भर्तियां ही हो पाई हैं और यह बात सरकार ने स्वयं स्वीकार की है।
- 14,000 से अधिक चिन्हित पदों पर अभी भी भर्तियां होनी शेष है। लगभग 10,000 नेत्रहीनों के लिए आरक्षित सीटें भरी जानी है।
- अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की 2011 की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में अभी भी 73 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगजन श्रमशक्ति से बाहर हैं और मानसिक रूप से विक्लांग, दिव्यांग महिलाएं और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले दिव्यांगजन सबसे अधिक उपेक्षित हैं।
- सरकार द्वारा दिव्यांग बच्चों को स्कूल में भर्ती कराने के लिए कई कदम उठाने के बावजूद आधे से अधिक ऐसे बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं।

आशाएं और आकांक्षाएं----:

पिछले दो वर्षों के दौरान शुरू की गई कई योजनाओं और कार्यक्रमों की तेजी से समावेशी और न्यायसंगत विश्व बनाने की परिकल्पना साकार हो सकती है।

GS PAPER II

1. रेल मंत्रालय अपने सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम आईआरसीटीसी की ई-केटरिंग सेवाओं के जरिये स्थानीय व्यंजन उपलब्ध कराने के लिए स्वयं सहायता समूहों की सेवाएं लेगा

- स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने संबंधी महत्वपूर्ण कदम के तहत रेल (एसएचजी)मंत्रालय ने अपने सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) के जरिये स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किये जाने वाले क्षेत्रीय (एसएचजी) व्यंजन उत्पादों को आईआरसीटीसी के ई-केटरिंग सेवा प्लेटफॉर्म पर यात्रियों को उपलब्ध कराने के लिए एसएचजी की सेवाएं लेने का निर्णय लिया है

- राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से आईआरसीटीसी ने कोंकण क्षेत्र में मैविम अर्थात महिला आर्थिक विकास महामंडल और ल्यूपिन मानव कल्याण शोध फाउंडेशन द्वारा गठित किये गये एसएचजी से हाथ मिलाया है, ताकि उसकी ईकेटरिंग सेवा-, जो 'फूड ऑन ट्रैक' के नाम से जानी जाती है, के जरिए ट्रेन यात्रियों की सीट पर ही स्वादिष्ट कोंकणी व्यंजन सुलभ कराये जा सकें।

A measure towards cashless economy in rural areas:

यह कदम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे ग्रामीण आबादी का एकीकरण ई केटरिंग सेवा के-जरिये **नकद रहित (कैशलेस(लेनदेन**- प्रणाली से संभव हो पाएगा, जिसके तहत इन एसएचजी की सेवाओं के लिए किए जाने वाले भुगतान को सीधे उनके खातों में ऑनलाइन भुगतान के जरिये डाला जा सकेगा। यह न केवल प्रौद्योगिकी के जरिये उपलब्ध कराई जाने वाली एक यात्री अनुकूल कदम है, बल्कि इससे एसएचजी को भारत सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के दायरे में लाने में मदद मिलेगी।

What is NABARD (राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक)

- कृषि ऋण से जुड़े क्षेत्रों में, योजना और परिचालन के नीतिगत मामलों में तथा भारत के ग्रामीण अंचल की अन्य आर्थिक गतिविधियों के लिए NABARD भारत का शीर्ष वित्त संस्था है ।
- नाबार्ड की स्थापना अभिदत्त और प्रदत्त पूंजी ₹100 करोड़ से की गयी जिसका अंशदान भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक ने समान रूप से किया भारत सरकार और भारतीय रिज़र्व . बैंक व्दारा प्रदत्त अंशपूंजी के अनुपात में संशोधन के उपरान्त31 मार्च 2015 को प्रदत्त पूंजी ₹ 5,000 करोड़ हो गयी जिसमें 99.60% (₹4,980 करोड़ का अंश भारत सरकार का तथा (0.40% (₹20.00 करोड़का अंश भारतीय रिज़र्व bank का है

2. भारतब्रिटेन व्यापार सुगमता सम्मेलन-

- Why: व्यापार में सुगमता यानी ईज आफ डूइंग बिजनेस के बारे में भारत-ब्रिटेन सम्मेलन | यह सम्मेलन दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण द्विपक्षीय साझेदारी को आगे बढ़ाने के माध्यम के रूप में काम करेगा।

Importance:

- भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार सुगमता संबंधी भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि व्यापार का वातावरण स्वयं व्यापार, निवेश, नवाचार और आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है
- यह सम्मेलन दोनों देशों के विशेषज्ञों के लिए एक ऐसा मंच प्रदान करेगा, जहां वे एक दूसरे की उत्कृष्ट पद्धतियों को साझा कर सकेंगे और भविष्य में सहयोग बढ़ाने के लिए संबंध सुदृढ़ कर सकेंगे।
- इसके जरिए राज्य और केंद्र सरकार के अधिकारी भारत और ब्रिटेन के विशेषज्ञों के साथ मिल कर काम करेंगे। सम्मेलन में नियामक सुधारों, निरीक्षण सुधारों, कर प्रशासन, व्यापार सुगमता, विद्युत प्रावधान और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा।
- सम्मेलन में विभिन्न राज्य सरकारों के प्रतिनिधि अपनी व्यापार सुधार कार्य योजना, कार्यान्वयन नीति और इस दिशा में अर्जित ज्ञान एवं अनुभवों को उजागर करेंगे।

3. इंडोनेशिया के राष्ट्रपति की राजकीय भारत यात्रा

In news

इंडोनेशिया गणराज्य के राष्ट्रपति महामहिम श्री जोको विडोडो 11 से 13 दिसंबर 2016 तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए हुए हैं। राष्ट्रपति जोको विडोडो की भारत यह पहली द्वपक्षीय यात्रा है।

Some common ground for Cooperation

- भारत और इंडोनेशिया दोनों देशों के लोगों के बीच गहरी सभ्यतामूलक संपर्कों के साथ दोनों दोस्ताना समुद्री पड़ोसी हैं। इसमें हिंदू धर्म सहितबौद्ध धर्म और इस्लाम की साझी विरासत शामिल है।

- दोनों देश शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व को प्राप्त करने के लिए बहुलवाद, लोकतंत्र और कानून के शासन के महत्व को मूल्यों को महत्त्व देते है
- दोनों देशों की राजनीतिक, आर्थिक और सामरिक हितों में समानता ,एक दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी के लिए एक स्थायी आधार प्रदान करती है।

कुछ मुद्दे जिन पर सहयोग के लिए सहमति बनी

सामरिक साझेदारी

- इंडोनेशिया के राष्ट्रपति और भारत के प्रधानमंत्री ने वार्षिक शिखर सम्मेलन की बैठकें आयोजित करने पर सहमति जताई जिसमें बहुपक्षीय कार्यक्रम भी शामिल हैं। दोनों देशो ने मंत्रिस्तरीय और कार्य समूह तंत्र सहित नियमित द्विपक्षीय विचार-विमर्श जारी रखने के महत्व पर बल दिया
- दोनों देशो ने पिछली बैठक के बाद कोयला,कृषि, आतंकवाद से मुकाबला, स्वास्थ्य, ड्रग्स, मादक पदार्थों और नारकोटिक्स में अवैध तस्करी का मुकाबला करने को लेकर गठित क्षेत्रीय संयुक्त कार्य समूह के तहत हुई प्रगति का स्वागत किया।
- दोनों देशो ने इसरो द्वारा सितंबर 2015 में एलएपीएएन ए 2और जून 2016 में एलएपीएएन ए 3 उपग्रह को प्रक्षेपित किए जाने का स्वागत किया। उन्होंने एलएपीएएन और इसरो को लेकर बाह्य अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में सहयोग पर अंतर सरकारी समझौते की रूपरेखा को पूरा करने के वास्ते तेजी लाने और शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बाह्य अंतरिक्ष का उपयोग करने है तथा जल, मौसम पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन, फसल की भविष्यवाणी और संसाधनों का मानचित्रण के समझौतों; और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की खातिर एक प्रारंभिक तिथि पर संयुक्त समिति की बैठक बुलाने का निर्देश दिया।

रक्षा और सुरक्षा सहयोग

- रणनीतिक साझेदारों और समुद्री पड़ोसियों के रूप में, दोनों देशों के बीच सुरक्षा और रक्षा सहयोग को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया। इस संदर्भ में, उ रक्षा मंत्रियों की वार्ता और संयुक्त रक्षा सहयोग समिति) जेडीसीसी (की बैठक के प्रारंभिक आयोजन की समीक्षा करने और एक ठोस द्विपक्षीय रक्षा सहयोग समझौते के लिए मौजूदा" रक्षा के क्षेत्र में सहयोग कार्यों पर समझौते "का उन्नयन करने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए ।
- दोनों देशों की सेनाओं) अगस्त (2016 और नौसेनाओं)जून (2016 के के बीच स्टाफ वार्ता हुई, जिसके परिणामस्वरूप दो सशस्त्र बलों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने और वायु सेना स्टाफ वार्ता एक प्रारंभिक तिथि पर आयोजित करने को सहमति बनी थी। दोनों पक्षों में विशेष बलों सहित रक्षा आदान-प्रदान, प्रशिक्षण और संयुक्त अभ्यास की आवृत्ति में वृद्धि करने के लिए सहमति बनी।
- वैश्विक आतंकवाद और अन्य अंतरराष्ट्रीय अपराधों से खतरा पर चर्चा की और साइबर अपराध, आतंकवाद, आतंकवाद के वित्तपोषण, मनी लांड्रिंग, हथियारों की तस्करी, मानव तस्करी का मुकाबला करने में द्विपक्षीय सहयोग पर सहमती बनी
- दोनों देशों ने दुनिया और अपने-अपने देशों के आसपास के क्षेत्रों के लिए समुद्री क्षेत्र के महत्व पर प्रकाश डाला। भारत और इंडोनेशिया ने समुद्री सहयोग को गहरा करने का वादा किया है और राष्ट्रपति की इस यात्रा के दौरान एक अलग" **समुद्री सहयोग पर वक्तव्य**" जारी किया गया । वक्तव्य में एक व्यापक क्षेत्र शामिल, जिसमें समुद्री सुरक्षा, समुद्री उद्योग, समुद्री सुरक्षा और नेविगेशन और दोनों देशों द्वारा की चिह्नित द्विपक्षीय सहयोग के अन्य क्षेत्रों सम्मिलित हैं।

व्यापक आर्थिक भागीदारी

इसके लिए जिन क्षेत्रो में सहयोग की अपेक्षा की गई वो है

- व्यापार एवं विनिवेश में वृद्धि

- ऊर्जा दक्षता प्रौद्योगिकी, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने में सहयोग करने के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही संबंधित जलवायु परिवर्तन के लक्ष्य को पूरा करने पर सहमति
- तेल और गैस के क्षेत्र में सहयोग
- दवा के क्षेत्र में पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग का विस्तार
- सूचना और संचार प्रौद्योगिकी
- व्यापार, पर्यटन और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए कनेक्टिविटी पर ध्यान

संस्कृति एवं लोगों के बीच संपर्क

इसके लिए फिल्म क्षेत्र , संकाय आदान प्रदान, शिक्षिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम, दोहरी डिग्री कार्यक्रमों के लिए विश्वविद्यालय के संबंधों का संस्थानीकरण में सहयोग पर बल देने की बात हुई

आम चुनौतियों से निपटने में सहयोग

- दोनों देशों ने आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी शब्दों में निंदा की और आतंकी गतिविधियों को लेकर'जीरो टोलरेंस'नीति यानी बर्दाश्त नहीं करने की बात पर जोर दिया।
- दोनों देशों ने नौवहन की स्वतंत्रता का सम्मान करने और उड़ान भर में नियम कायदों का पालन करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया जोकि संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन समुद्र के कानून)यूएनसीएलओएस (में विशेष रूप से परिलक्षित होता है।
- दोनों देशों ने संयुक्त राष्ट्र और उसके प्रमुख निकायों में सुधार के लिए चल रहे कार्यक्रमों को अपने समर्थन की मंशा को दोहराया जिसमें सुरक्षा परिषद में सुधार शामिल है। आज की दुनिया की चुनौतियों से अधिक प्रभावी ढंग से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र को अधिक लोकतांत्रिक, पारदर्शी और कुशल बनाना होगा। दोनों देशों ने जोर देकर कहा कि परिषद का इस तरह के एक पुनर्गठन किया जाना चाहिए जिससे कि विकासशील देशों को पर्याप्त रूप से परिषद के स्थायी सदस्यों के जरिये प्रतिनिधित्व मिल सके। दोनों देशों ने संयुक्त राष्ट्र में सुधार से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर सहमति जताई।
- दोनों देशों को हिंद महासागर रिम संघ)आईओआरए (और संगठन द्वारा पहचाने गए क्षेत्रों में क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में और हिंद महासागर नौसैनिक संगोष्ठी)आईओएनएस (में भागीदारी करने पर भी सहमति बनी

4. गुणवत्तापूर्ण हेल्थकेयर इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ जनसंख्या की पर्याप्त कवरेज सुनिश्चित किया जाना महत्वपूर्ण

GENERAL STUDIES HINDI

जब तक नागरिक अच्छे स्वास्थ्य का आनंद नहीं लेते, उनकी उत्पादक क्षमता को पूरी तरह जाना नहीं जा सकता। गुणवत्तापूर्ण हेल्थकेयर इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ जनसंख्या की पर्याप्त कवरेज सुनिश्चित किया जाना महत्वपूर्ण है।

Human personal and health:

- हमारे देश में 300 से ज्यादा डेंटल कॉलेज हैं जहां से हर साल करीब 30 हजार डेंटिस्ट पास आउट होते हैं। लेकिन असल में ये संख्या अपर्याप्त है क्योंकि डेंटिस्ट और रोगियों के बीच का अनुपात कम है, खासतौर पर उपनगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में।
- वर्तमान में शहरी क्षेत्र में डेंटिस्ट और रोगियों के बीच का अनुपात पहले ही (1:8,000) कम है, जबकि ग्रामीण इलाकों में यह अनुपात और भी खराब है। यहां 50 हजार लोगों पर एक डेंटिस्ट है।

इस संबंध में जागरुकता अभियान चलाना बेहद जरूरी हो गया है। इसके जरिए उन लोगों तक पहुंचना चाहिए कि दंत चिकित्सा संबंधी सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पाई है। हमें बुनियादी रूप से शुरुआत करनी चाहिए। हमें उचित मौखिक स्वास्थ्य व्यवस्था पर अभिभावकों और अध्यापकों को शिक्षित करना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि बड़ी संख्या में बच्चों के मनोमस्तिष्क में अच्छी बातों का संचार हो।

विशेषाधिकार प्राप्त और पिछड़े वर्गों तक पहुंचने के लिए हमें सरल तरीकों को अपनाना होगा। वीडियो और डेमो की मदद से इस संबंध में लोगों का ज्ञान बढ़ाया जा सकता है।

5. **राष्ट्रपति ने निर्दिष्ट बैंक नोट (देनदारियों की समाप्ति) अध्यादेश, 2016 को जारी किए जाने को मंजूरी दी**

यह अध्यादेश क्यों

भारत सरकार ने 08 नवंबर, 2016 को 500 रुपये एवं 1000 रुपये (निर्दिष्ट बैंक नोट-एसबीएन) के बैंक नोटों की वर्तमान श्रृंखला का चलन बंद करने का जो निर्णय लिया था, उसी को ध्यान में रखते हुए इस अध्यादेश को जारी किये जाने को मंजूरी दी गई है।

इस अध्यादेश के मुख्य उद्देश्य

(i) एसबीएन के लिए भारतीय रिजर्व बैंक और भारत सरकार की देनदारी को स्पष्टता और अंतिम रूप प्रदान करना

(ii) निर्धारित समय सीमा के भीतर एसबीएन जमा करने में विफल रहे लोगों को एक अवसर प्रदान करना

(iii) अध्यादेश के किसी भी प्रावधान के उल्लंघन पर जुर्माने का प्रावधान करने के साथ-साथ एसबीएन को अपने पास रखने, हस्तांतरित करने अथवा प्राप्त करने को अवैध घोषित करना।

GSPAPER III

1.सागरमाला परियोजना के अंतर्गत तटीय समुदाय का समावेशी विकास होगा:"

क्या है सागरमाला परियोजना -:]

- सागरमाला के अंतर्गत बंदरगाहों का आधुनिकीकरण, बंदरगाह आधारित औद्योगिकीरण और बंदरगाह कनेक्टिविटी में वृद्धि, तटीय क्षेत्रों के सामाजिकआर्थिक विकास- के लिए प्रमुख कार्य होंगे।

तटीय आबादी के समावेशी विकास हेतु प्रावधान---:

- सतत समावेशी विकास सागरमाला का एक अभिन्न अंग है, जोकि आर्थिक विकास, समुदायों का पोषण और पारिस्थितिक तंत्र के संतुलन की रक्षा करने पर बल देता है।
- भारत की करीब 18 फीसदी आबादी 72 तटीय ज़िलों में रह रही है। विशेष रूप से मछुआरों की आबादी सहित तटीय क्षेत्रों में रहने वाले विभिन्न समुदायों के समग्र एवं सतत विकास की अत्यधिक आवश्यकता है। -
- पोत परिवहन मंत्रालय गुजरात के अलंग(रीसाइक्लिंग) सोसिया पुनरावर्तन- यार्ड पर जहाज़ रीसाइक्लिंग गतिविधियों में लगे 20,000 कर्मचारियों में क्षमता निर्माण और उन्हें सुरक्षा प्रशिक्षण देने के लिए 30 करोड़ रुपये मंज़ूर कर चुका है। -
- इसके अलावा, मछुआरा समुदाय को विकसित करने की प्रक्रिया में मदद करने के लिए पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग के सहयोग से पोत परिवहन मंत्रालय सागरमाला के अंतर्गत चुनिंदा मछली पकड़ने की बंदरगाह परियोजनाओं को अनुदान मुहैया करा रहा है।
- मुंबई में ससून डॉक स्थित मौजूद मछली पकड़ने के बंदरगाह के आधुनिकीकरण के लिए 13 करोड़ रुपये मंज़ूर किए जा चुके हैं।
- वहीं महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और गुजरात स्थित 09 मछली पकड़ने के बंदरगाहों के अद्यतन के लिए (अपग्रेड)50 करोड़ रुपये को सैद्धांतिक रूप से मान्यता दी जा चुकी है।
- पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग के सहयोग से पोत परिवहन मंत्रालय गहरे समुद्र में मछली पकड़ने के पोत और मछली प्रसंस्करण केन्द्रों के विकास के कार्य में भी सहयोग करेगा।
- कौशल विकास पहलों के जरिए ये कार्यक्रम विशेष रूप से तटीय समुदायों के लिए आजीविका के अवसरों को बढ़ाएंगे और उनको रोज़गार और जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न तरह के कौशल से परिपूर्ण करेंगे।। -

- मंत्रालय तटीय समुदायों को आजीविका के अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से तटीय पर्यटन को बढ़ावा दे रहा है। इसके अंतर्गत प्रकाशस्तंभों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना और भारत में क्रूज़ पर्यटन को बढ़ावा देना आदि शामिल है।। -
- वैश्विक स्तर पर बंदरगाहों ने खुद को तटीय समुदायों के सतत विकास के इंजन के रूप में साबित किया है, ये बंदरगाह तटीय क्षेत्रों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभ पहुंचा रहे हैं। सिएटल बंदरगाह सफलता की एक ऐसी ही कहानी है।
- मछली पालन, क्रूज़ संचालन, मनोरंजक गतिविधियां और बंदरगाह रियल एस्टेट आदि बंदरगाह की मालवाहक गतिविधियों से दो लाख प्रत्यक्ष एवं सात लाख अप्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन हुआ है और करीब 10 बिलियन डॉलर की आय को भी इसके ज़रिए बढ़ावा मिला है।।

2. डेबिट कार्ड एक्टिवेशन के लाभ – (सक्रिय करने के लाभ)एफएक्यू

प्रश्न 1: सक्रिय डेबिट कार्ड रखना क्यों महत्वपूर्ण है?

उत्तर: डेबिट कार्ड आपके भुगतानों को आपके बैंक खाते से सीधे ही इलेक्ट्रानिक भुगतान सुविधा के माध्यम से अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित बनाता है।आपके खाते को सीधे ही डेबिट करके डेबिट कार्ड का उपयोग ऑनलाइन अथवा दुकानों पर खरीददारी के लिए किया जा सकता है। एटीएम से नकद आहरण के लिए भी डेबिट कार्ड का उपयोग किया जा सकता है।

प्रश्न 2: डेबिट कार्डों से कोई ग्राहक कैसे लाभान्वित होता है?

उत्तर: ग्राहकों को मिलने वाले प्रमुख लाभ इस प्रकार हैं:

- भारी भरकम चैक बुक अथवा बड़ी मात्रा में नकदी के स्थान पर एक छोटा प्लास्टिक कार्ड रखना ज्यादा सरल है।
- प्राप्त करने में आसानी: अपना खाता खोलने पर अधिकतर संस्थान आपके अनुरोध पर आपको एक डेबिट कार्ड जारी करेंगे।
- सुविधा: कागजी चैक बुक को भरने के स्थान पर चिप – समर्थित टर्मिनल अथवा कार्ड को स्वाईप करके खरीददारी की जा सकती है।
- सुरक्षा: आपको नकद अथवा चैक बुक साथ नहीं रखनी पड़ती है। डेबिट कार्ड आपके द्वारा स्वयं निर्धारित किए गए चार अंकों के पिन नम्बर द्वारा सुरक्षित होते हैं। आपके डेबिट कार्ड से किसी भी प्रकार की खरीददारी के लिए इस पिन की आवश्यकता होती है।
- आसानी से स्वीकार: जब आप शहर से बाहर (अथवा देश से बाहर) होते हैं, आमतौर पर डेबिट कार्डों को व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है (यह सुनिश्चत करें कि आप अपनी वित्तीय संस्था को यह बताएं कि आप शहर से बाहर जा रहे हैं, ताकि सेवा में कोई बाधा उत्पन्न न हो)।
- यह एक कैश कार्ड भी है: डेबिट कार्डों में आपको नकदी प्रदान करने की क्षमता भी है, आप उसे एटीएम पर ले जाकर तथा उसका उपयोग करके वहां पर नकदी का आहरण कर सकते हैं।

बीमा:भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने पात्र रूपे कार्डधारकों के लिए दुर्घटना से मृत्यु अथवा स्थायी अपंगता के मामले में गैर-प्रीमियम कार्डों (रूपे क्लासिक) के लिए 1 लाख रुपए तथा प्रीमियम कार्डों (रूपे प्लेटिनम) के लिए 2 लाख रुपए का बीमा कवर प्रारंभ किया है। रूपे बीमा कार्यक्रम वित्त वर्ष 2016-17 अर्थात 01 अप्रैल, 2016 से 31 मार्च, 2017 तक जारी रहेगा।

प्रश्न 3: डेबिट कार्ड भुगतान को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में उठाए गए कदम क्या हैं?

उत्तर: डेबिट कार्ड के प्रयोग को लोकप्रिय बनाने के लिए हाल ही में की गयी कुछेक पहल हैं:

- एमडीआर (व्यापारी छूट दर), जिसे कोई व्यापारी (दुकानदार) बैंक को पीओएस लेनदेन के लिए अदा करता है, को 31 दिसम्बर, 2016 तक कम करके शून्य कर दिया गया है।

- पीओएस मशीन की खरीद के लिए देय उत्पाद शुल्क जो पहले 16.5% था, को 31 मार्च, 2017 तक समाप्त कर दिया गया है।

प्रश्न 4: व्यापारी को कार्ड के प्रयोग को बढ़ावा क्यों देना चाहिए?

उत्तरः डेबिट कार्ड के लेनदेन को बढ़ावा देने से व्यापारियों को निम्नलिखित लाभ हैं:

- नगदी के रख-रखाव की तुलना में डिजीटल लेनदेन की लागत कम है।
- बैंक में नगद राशि को जमा करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह राशि खाते में स्वतः क्रेडिट होगी।
- ग्राहक के लिए क्रेडिट इतिवृत्त तैयार किया जाएगा जिससे उन्हें समय-समय पर बैंकों तथा सरकार की अन्य वित्तीय पहल से सहायता प्राप्त करने में मदद मिलेगी।
- व्यापारी की ओर से मैनुअल मिलान की आवश्यकता नहीं है। वे हमेशा अपने खाते का उल्लेख कर सकते हैं।
- भुगतान कार्ड स्वीकार करके व्यापारी अपना राजस्व बढ़ा सकते हैं।
- विक्रय में वृद्धिः कार्ड ग्राहकों को शीघ्र तथा आसानी से भुगतान करने में सक्षम बनाता है।
- बेहतर ग्राहक सेवाः इलेक्ट्रॉनिक भुगतान ग्राहकों को अधिक लचीला भुगतान विकल्प उपलब्ध कराता है – ग्राहकों के लिए त्वरित चेकआउट टाइम तथा भुगतान करने के अधिक कुशल तरीके। इसके अलावा, समान मासिक किस्त (ईएमआई) भुगतान जैसी नयी पहल ग्राहकों को खरीदने तथा कब्जे में लेने की क्षमता प्रदान करती है

3. पीएसएलवीसी-36 द्वारा रिसोर्ससैट -2ए रिमोट सेंसिंग उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण

Why in news:

इसरो के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान ने सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार, श्रीहरिकोटा से 1,235 किलो भार के रिसोर्ससैट -2ए उपग्रह का सफलतापूर्वक प्रेक्षपण किया। यह पीएसएलवी का लगातार 37वां सफल मिशन है।

- रिसोर्ससैट- 2ए द्वारा भेजे गए डेटा फसल क्षेत्र और फसल उत्पादन अनुमान, सूखे की निगरानी, मिट्टी मानचित्रण, फसल प्रणाली विश्लेषण और कृषि परामर्श से संबंधित कृषि अनुप्रयोगों में उपयोगी हो जाएगा।
- अपने पूर्ववर्ती रिसोर्ससैट -1 और 2 की तरह रिसोर्ससैट -2ए भी विशिष्ट थ्री टियर टायर इमेजिंग-- रैखिक इमेजिंग सेल्फ स्कैनर (एडब्ल्यूएफएस) प्रणाली और उन्नत वाइड फील्ड सेंसर3 (एलआईएसएस-3) और रैखिक इमेजिंग सेल्फ स्कैनर-4 (एलआईएसएस -4) कैमरों से युक्त है।
- एडब्ल्यूएफएस 56 मीटर की सैंपलिंग वाले फोटो 740 किलोमीटर पट्टी के साथ, जबकि एलआईएसएस-3 23.5 मीटर सैंपलिंग और 141 किमी पट्टी के साथ फोटो उपलब्ध कराएगा। . -एलआईएसएस4 5.8 मीटर सैंपलिंग और 70 किमी पट्टी के साथ फोटो उपलब्ध कराएगा।
- रिसोर्ससैट -2ए के प्रेक्षपण सहित भारत के पीएसएलवी यान द्वारा प्रेक्षपित उपग्रहों की कुल संख्या 122 तक पहुँच गई है, जिनमें 43 उपग्रह भारतीय हैं और शेष 79 विदेशों के हैं।

4. खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) खादी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदम

खादी और ग्रामोद्योग आयोग खादी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रहा (केवीआईसी) है।

1. केवीआईसी खादी डेनिम और खादी टी शर्ट बनाने सहित देश के युवाओं को लुभाने के लिए- डिजाइनिंग और उत्पादों की मार्केटिंग कर रहा है।
2. केवीआईसी ने देश के विभिन्न इलाकों में नई दुकानें खोलने के लिए फ्रेंचाइजी प्रणाली शुरू की है।

3. 185 खादी संस्थानों की दुकानों का आधुनिकीकरण और कम्प्यूटरीकरण किया गया है, जिसके परिणाम स्वरूप 20 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक बिक्री बढ़ी है।
4. केवीआईसी और खादी संस्थान डिजिटल मार्केटिंग के जरिए खादी और खादी के उत्पादों के लिए उचित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के वास्ते प्रतिष्ठित खुदरा विक्रेताओं के साथ कार्य कर रहे हैं।
5. केवीआईसी विशिष्ट डिजाइन और स्टाइल द्वारा खादी उत्पाद युवाओं के लिए अधिक आकर्षक बनाने के लिए प्रतिष्ठित फैशन डिजाइनरों के साथ कार्य कर रहा है।
6. केवीआईसी ने खादी उपहार कूपन और खादी गिफ्ट हैम्पर देने शुरू किए हैं।
7. केवीआईसी ने एयरपोर्ट पर नये शोरूम खोले हैं और अच्छे व्यापार की संभावनाओं वाले स्थानों तथा पर्यटन स्थलों पर विशेष खादी प्लाजा खोलने के बारे में भी विचार किया जा रहा है।
8. ई वाणिज्य पोर्टल ऑनलाइन के जरिए खादी और ग्रामोद्योग के उत्पाद उपलब्ध कराने के प्रयास किए-जा रहे हैं। इस बारे में पेटीएम द्वारा पहले तीन महीने के लिए केवीआई उत्पादों के लिए निशुल्क ऑनलाइन सेवा शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है।
9. केवीआईसी ने थोक खरीद को बढ़ावा देने के लिए 18.07.2016 को विभिन्न स्लेब में दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, गोवा, पटना, एर्नाकुलम और भोपाल के विभागीय बिक्री दुकानों थोक खुदरा संबद्ध' में (डीएसओ) शुरू की है। संबंधित डीएसओ से की गई खादी और ग्रामोद् 'उपहार वाउचर योजनायोग की खरीदी पर उपहार वाउचर को भुनाया जा रहा है।
10. खादी उत्पाद के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए केवीआईसी को का 'डीम्ड निर्यात संवर्धन परिषद' दर्जा दिया गया है, जिसके तहत उसने 900 से अधिक निर्यातकों को पहले से ही पंजीकृत कर लिया है।
11. खादी उत्पादों के सीधे निर्यात का फ्रेट ऑन बोर्ड मूल्य का (एफओबी)5 प्रतिशत निर्यात प्रोत्साहन राशि केवीआईसी के साथ पंजीकृत केवीआई संस्थानों और इकाईयों को दिया जाता है। केवीआईसी खादी उत्पादों के लिए नये और उभरते बाजारों की संभावनाएं तलाशने के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों और विदेशों में होने वाले क्रेताविक्रेता बैठकों में अपनी प्रतिभागिता पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है।-
12. केवीआईसी ने बौद्धिक संपदा अधिकार अधिनियम में राष्ट्रीय स्तर पर अधिसूचित (आईपीआर) विभिन्न उत्पादों के45 वर्गों में से 27 वर्गों में को वर्ड मा 'खादी'र्क और को ट्रेड मार्क के 'खादी इंडिया' रूप में पंजीकृत करने के लिए आवेदन किया है। इसके अलावा केवीआईसी ने यूरोपीय यूनियन और अन्य देशों में अंतर्राष्ट्रीय ब्यूरो के अंतर्गत16 विभिन्न वर्ग में को ट्रेड मार्क के रूप में पंजीकृत 'खादी' करने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है।
13. केवीआईसी सरकारी विभागों और रेलवे, रक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, अर्द्धसैन्य बल और अन्य केंद्रीय तथा राज्य सरकार के मंत्रालयों जैसे थोक खरीदारों की जरूरतों को पूरा करता है। खादी उत्पादों की बिक्री बढ़ाने के लिए केवीआईसी ने आपूर्ति और निपटान महानिदेशालय डीजीएस) प्रणाली में भी पंजीकरण करवाया है। (आरसी) की दर अनुबंध (एंड डी
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री (एमएसएमई), सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में सचिव और केवीआईसी के अध्यक्ष द्वारा खादी और खादी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए सभी मंत्रालयों, विभागों और सार्वजनिक उपक्रम की इकाईयों को पत्र भेजे गए हैं। केवीआईसी ने मानव संसाधन विकास (सीपीएसयू) मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले संस्थानों के सभी कर्मचारियों से सप्ताह में एक दिन स्वैच्छा से खादी पहनने की अपील की है। केवीआईसी ने सभीराज्य सरकारों के प्राथमिक और सेकेंडरी शिक्षा विभागों से स्कूल की यूनिफॉर्म खादी में बनाने का आग्रह किया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभागों से प्रस्ताव का आकलन कर इस पर कार्यवाही करने को कहा है।

5. डिजिटल पेमेन्ट प्रोत्साहन योजना---:
Context:

पिछले ढाई वर्ष में भ्रष्टाचार एवं कालेधन के खिलाफ भारत सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। एक हजार और पाँच सौ रूपये के नोट को बंद करने संबंधित निर्णय भी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 1000 और 500 के नोट के ढेर ने देश के अंर्थतंत्र में अनेक बुराइयों को आश्रय दिया। भविष्य में भी देश फिर से एक बार भ्रष्टाचार एवं काले धन का शिकार न हो, इसलिए भविष्यलक्षी स्थाई योजनाओं को लागू करना बहुत ही आवश्यक है।

- आज तकनीक) technology) के माध्यम से ऑनलाइन पेमेंट, मोबाइल बैंकिंग , ईवॉलेट-, डेबिट कार्ड के ज़रिए डिजिटल बिज़नेस ट्रांसज़ेक्शन संभव है। ऐसे कई वैकल्पिक साधनों के ज़रिए डिजिटल से डिजी) धन-digi-dhan) की दिशा में बढ़ने में मदद मिलेगी। अफ्रीका में केन्या जैसे विकासशील देश न ऐसा करके दिखाया है।
- भारत जैसा देश जिसकी 65% जनसंख्या 35 वर्ष की आयु से कम है, भारत जो पूरी दुनिया में आईटी कौशल के लिए जाना जाता है, भारत जिसके करोड़ों करोड़ अनपढ़ और गरीब व्यक्ति- ईवीएम से वोट देते हैं, ऐसी क्षमता वाले देश के नागरिक निश्चित ही मौजूदा अर्थव्यवस्था को डिजिटल अर्थव्यवस्था में बदलने में सक्षम हैं। जो अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।
- इस सपने को पूरा करने के लिए, ई) पेमेंट-e-payment) को बढ़ावा देना, ई) वॉलेट-e-wallet) और मोबाइल बैंकिग के प्रचलन को बढ़ाना, डिजिटल)digital) से समाज को डिजी) धन-digi-dhan) की ओर ले जाना अपरिहार्य हो गया है। 1000 और 500 रू के नोटों के विमुद्रीकरण के . पश्चात डिजिटल पेमेन्ट्स में काफी वृद्धि हुई है।
- यह आवश्यक है कि इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट का प्रचलन समाज के हर वर्ग में फैले। अतः नीति आयोग स्तर पर यह निर्णय लिया गया है कि भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम)NPCI) से अनुरोध किया जाए कि वह डिजीटल पेमेंट को प्रोत्साहित करने के लिए एक नई योजना शीघ्र लागू करें। उल्लेखनीय है कि NPCI एक गैर लाभकारी कम्पनी है जो-भारत को कैशलेस समाज की ओर ले जाने के लिए प्रयासरत है।

****प्रोत्साहन योजना के मुख्य बिन्दु---:**

- वो उपभोक्ता) Consumers) और विक्रेता)Merchants) जो इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट)Electronic Payment) का उपयोग करते हैं, इस योजना का लाभ उठा सकते है।
- इस योजना में दो तरह की प्रोत्साहन धनराशि की व्यवस्था है-
  1. प्रत्येक सप्ताह भाग्यशाली विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए जाने की रूपरेखा बनाई जाएगी।

  2.हर तीन माह में उपभोक्ताओं में से कुछ को एक बड़ा पुरस्कार दिया जाएगा। - योजना में यह ध्यान रखा जाएगा कि गरीबों,निम्न मध्यम वर्ग तथा छोटे व्यापारियों को- प्राथमिकता मिले।।
- इस योजना में निम्न प्रकार के डिजिटल पेमेंट्स)Digital Payments) अनुमन्य होगें -USSD, AEPS ,UPI और RuPay Card.
- विक्रेताओं के लिए उनके द्वारा स्थापित POS मशीन पर किये गये ट्रांज़ेक्शंस)Transactions) इस योजना हेतु मान्य |
- राज्य सरकारों, उनके उपक्रमों, जिलों, महानगर निगमों एवं पंचायतों में भी जहां कैशलेस ट्रांज़ेक्शंस)Cashless Transactions) को प्रोत्साहित करने हेतू उल्लेखनीय कार्य किया गया हो, उन्हें भी पुरस्कृत किया जाएगा
- योजना की रुपरेखा शीध्र ही देश के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी किन्तु यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ऐसे जितने लोग डिजिटल पेमेन्ट प्रणाली का उपयोग कर रहे है वे इस योजना के लाभ उठाने के हक़दार होंगे।

GENERAL STUDIES HINDI

- वर्तमान में दो प्रकार के सुझाव चल रहे हैं कि प्रोत्साहन योजना 6 महीने चलाई जाए अथवा एक वर्ष तक चलाई जाए।।

6. परिवर्तनशील जलवायु के तहत एक चुनौती के रूप में उभर रहे जैविक दबाव

क्या है जैविक दबाव

जैविक दवाब का अर्थ है ऐसे रोग, कीट -नाशीजीव और खरपतवार जो की जीवों) पौधे पशु और मनुष्य (के सामान्य विकास को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करते है।

- जैविक दबाव के लिए परपोषी, नाशीजीव औऱ पर्यावरण के बीच हितकारी पारस्परिक संपर्क की आवश्यकता होती है।
- इस प्रकार के प्रतिबलो से महामारी के वर्ष में 100 प्रतिशत तक की हानि हो सकती है और इसका कटु उदाहरण 1943 में चावल में भूरा धब्बा) हैलमिनथोस्पोरियम ओरिजिए (की महामारी थी, जिसके कारण पश्चिम बंगाल, बिहार और उड़ीशा में भीषण आकाल पड़ा
- इस ऐतिहासिक नुकसान से लगभग 40 लाख लोगो की भूख के कारण मृत्यु हुई I नाशीजीव और रोगजनक उभरते रहते है और यदि पर्यावरण अनुकूल हो सकता है तो उनके उदभव की दर में तेजी आती है।
- इस प्रकार पर्यावरण में परिवर्तन, रोगजनकों की नई प्रजातियों के उदभव का मुख्य कारण है तथा गौण रोग या कीटनाशीजीव मुख्य जैविक प्रतिबल बन जाते है।
- **जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न समस्या :** ग्रीनहाउस गैस तथा कार्बनडाइऑक्साइड, पतियो में सरल शर्करा के स्तरों को बढ़ा सकती है और नाइट्रोजन की मात्रा कम कर सकती है। ये अनेक कीटो द्वारा होने वाले नुक्सान को बड़ा सकती है जो नाइट्रोजेन की अपनी मेटाबोलिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अधिक पतियो को खायेगे। इस प्रकार कोई भी आक्रमण अधिक संक्रामक होगा। मुख्य रूप से कार्बनडाइऑक्साइड के कारण होने वाले वैश्विक उष्मण से उच्चतर तापमान का अर्थ है कि सर्दी के मौसम में अधिक सख्या में नाशीजीव जीवित रहेगे। जबकि ऐसा स्पस्ट संकेत है कि जलवायु परिवर्तन के कारण पशु और पौधों, नाशीजीव और रोगों के वितरण में परिवर्तन हो रहा है और इसके पुरे प्रभावो का अनुमान लगाना कठिन है।

तापमान, नमी और वायुमंडलीय गैसों में परिवर्तन से पोधो, फफूंद और कीटो की वृद्धि और प्रजनन दर बढ़ सकती है जिससे नाशजीवो उनके प्राकृतिक शत्रुओं और परपोषी के बीच पारस्परिक सम्पर्क में परिवर्तन होता है। भूमि कवर में परिवर्तन जैसे कि वनकटाई या मरुस्थल से बाकी बचे पौधे और पशु नाशीजीवों और रोगों के प्रति और अधिक संवेदनसील हो जायेगे। यदपि नए नाशीजीव और रोग पुरे इतिहास में नियमित रूप से उभरते रहे है, जलवायु परिवर्तन से इस समीकरण में अज्ञात नाशिजीवों की संख्या बढ़ जाती है।

1. पोधो के नाशीजीव, निरंतर खाद्य और कृषि उत्पादन के लिए सबसे बड़ी बाधाओं में से एक बने हुए है। इनके कारण विश्व की खाद्य आपूर्ति में औसतन 40 प्रतिशत से भी अधिक की वार्षिक हानि होती है, और जिससे खाद्य सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है।
2. जलवायु परिवर्तन आधारित प्रभाव से या तो नए जैविक दबाबो का उद्गमन हुआ, प्रमुख चुनौती के रूप में छोटे दबाबो में परिवर्तन हुआ या किसी अन्य देश में आक्रमणकारी नाशजीवो का बस्तीकरण व पदार्पण हुआ।
3. जलवायु परिवर्तन से गेहू में तना रतुवे के यूजी 99 के विरुद्ध प्रतिरोधिता को निगमित करने वाली एसआर जीनो की श्रृंखला के टिकाऊपन के प्रति गंभीर चुनौती प्रस्तुत हो रही है।
4. बड़े हुए तापमान और कार्बनडाइऑक्साइड ने गेहू के ब्लास्ट के पर्यानुकूलन के विरुद्ध, आलू की पछेती अंगमारी के उग्र पृथको, चावल के महत्वपूर्ण रोग नामतः ब्लास्ट और शीथ ब्लाइट जैसे खतरे उत्पन किये है

5. देश ने हाल ही में विनाशकारी नाशीजीवों और रोगों जैसे टमाटर पर साउथ अमेरिकन पिनवॉर्म, फूल पर वेस्टर्न फ्लावर थ्रिप्स, केले पर फ्यूजोरियम मुरझान, नारियल में सफेद मक्खी का बढ़ता प्रकोप आदि का अनुकूलन और उदभव देखा है।

6. तापमान और आद्रता स्तरों में परिवर्तन के साथ इन कीटो की संख्या में उनके भैगोलिक क्षेत्र में वृद्धि हो सकती है और पशुओ और मनुष्य को ऐसे रोगों का इस प्रकार से सामना करना पड़ सकता है जिनके लिए उनके पास कोई प्राकृतिक प्रतिरक्षा नही है।
7. सूखे में बढ़ोतरी का परिणाम जल निकायों में कमी के रूप में सामने आ सकता है जो इसके बदले पालतू पशुधन एवं वन्य जीवन के बीच अधिक परस्पर सम्पर्को को सुगम बनाएगा और इसका परिणाम असाध्य" केटाहैरल बुखार "के प्रकोप के रूप में हो सकता है जो पशुओ की एक घातक बीमारी है क्योकि सभी जंगली पशु बुखार के विषाणु के वाहक होते है।
8. मछलिया विशेष रूप से उभरती जलवायु-परिवर्तन के प्रति सवेदनशील होती है क्योकि उनकी परिस्थितिक प्रणाली बहुत निर्बल होती है और जल एक प्रभावी रोग वाहक है।
9. पिछले कुछ वर्षो में भारत में पादप सुरक्षा विजयन और जैव– सुरक्षा जागरूकता में उल्लेखनीय रूप से प्रगति हुई है I हाल ही में भारत ने अनेक ऐसी आकस्मिकताओं का प्रभावकारी रूप से प्रबंधन किया है जिनसे राष्ट्रीय आपदाएं हो सकती थी
10.अफ्रीका में तना रतुवे की प्रजाति यूजी 99 के उभरने के कारण भारतीय गेहूं को किसी भी प्रकार के जैव सुरक्षा खतरे कि संभावनाओं से दूर रखने के लिए भारत ने कीनिया में रोगजनक के विरूद्ध अपनी किस्मों कि स्क्रीनिंग करने में समय से पहले सक्रियता से कार्य किया इसके परिणामस्वरुप हमारे पास देश में लगाई गई अनेक यूजी 99 प्रतिरोधी किस्में हैं और हमने किसी भी महामारी के होने से रोका है
11.वर्ष 2015-16 के दौरान बांग्लादेश में गेहूं के ब्लास्ट रोग द्वारा नष्ट किये जाने के तुरंत बाद भारत ने दक्षिण अमेरिकी देशों में जहाँ कि यह रोग मौजूद है, गेहूं के ब्लास्ट रोग के विरूद्ध स्क्रीनिंग के लिए सिमिट संस्था को गेहूं के 40 जीन प्रारूप भेजे
12.घरेलू स्तर पर, डेयर- भाकृअप, डीएसी, राज्य कृषि विश्वविद्यालय और राज्य कृषि विभाग जैविक दबावों के कारण होने वाले नुकसानों से बचाने के लिए सुरक्षा तकनीकियों को कार्यान्वित करने में लगे हुए है
13.एनपीपीओ के सक्रीय प्रयासों के परिणामस्वरूप 2016-17 के दौरान श्वेत मक्खी के कारण कपास में होने वाले आसन्न नुकसानों का प्रभावकारी रूप से प्रबंधन किया जा सका जिसके परिणामस्वरूप उत्तर भारत में कपास का उत्पादन पिछले तीन वर्षों कि उपज से अधिक होने कि संभावना है
14.उचित जैव सुरक्षा और जैव प्रदूषक उपायों को अपनाने से देश में एवियन इन्फ्लुएंजा के आक्रामक एच5एन8 विभेद के हाल ही में हुए प्रकोप का प्रभावकारी रूप से प्रबंधन किया जा सका 15.परिवर्तनशील जैविक प्रतिबल परिदृश्य ने ऐसे मॉडलों पर भविष्य में अध्यन करने की आवश्यकता को रेखांकित किया है जोकि खेत की वास्तविक परिस्थितियों में मुख्य फसलों, पशुओं और मछलियों क्र रोगजनकों कि गंभीरता का अनुमान लगा सकें इसके साथ ही साथ बदल रही परिस्थितियों में टिकाऊ खाद्य उत्पादन के लिए नयी कार्यनीतियों को मिलते हुए रोग प्रबंधन कार्यनीतियों का पुनः अभिविन्यास किया जाना चाहिए।

कृषि जैव सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए तथा जैविक दवाबो के दक्ष प्रबन्धन को सुनुश्चित करने के लिए कुछ तत्काल क्षेत्र और कार्यनीतियों जो आवश्यक है -:
क .देशी के साथ ही साथ जंगली संसाधनों का प्रयोग करते हुए जैविक दबाव प्रतिरोधी फसलो और पशुओ की नस्लो का विकास।
ख .जैविक प्रतिबल अनुकूल जीवो के विकास की प्रक्रिया को तेज करने में लिए एमएएस, पराजीनी और जीन एडिटिंग तकनीकियों जैसे उपकरणों और आधुनिक तकनीकियों का प्रयोग बढ़ाना।

ग .संक्रमित उत्पादों को नाशीजीव मुकत क्षेत्रों /देशों में जाने से रोकने के लिए देशी और अर्न्तराष्ट्रीय संगरोधों को मजबूत बनाना।
घ .आईपीएम एप्रोचों को आयोजित करना और जैव नियंत्रक एजेंटों की डिलीवरी की प्रभावकारी प्रणाली को मजबूत बनाना तथा प्रभावकारी नाशक जीवनाशियों के लेबल का प्रसार करना।
ड .जैव सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर क्षेत्रीय और वैश्विक सहयोग को विकसित करना।
च .आक्रमण और आक्रमणकरी नाशीजीवों/ रोगजनकों के प्रसार की निगरानी के लिए तथा टीकाकरण के लिए निदानकरी उपकरणों/टीकों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए वैश्विक नेटवर्किंग।

7. पशु क्रूरता निवारण नियम (पालतू पशु की दुकान), 2016

क्यों खबरों में

हाल ही में सरकार ने यहां पशु क्रूरता निवारण नियम (पालतू पशु की दुकान), 2016 की अधिसूचना की घोषणा की है

क्या है यह

यह पालतू पशुओं की दुकान को विनियमित करने के (पैट शॉप्स) लिए है। इन नियमों का उद्देश्य पालतू पशुओं की दुकानों को जवाबदेह बनाना और इन दुकानों में पशुओं के प्रति क्रूरता को रोकना है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पास जानवरों पर अनावश्यक दर्द या पीड़ा रोकने के लिए और पशुओं के प्रति क्रूरता की रोकथाम के लिए पशु क्रूरता निवारण अधिनियम (पीसीए), 1960 लागू करने का अधिकार है।

प्रस्तावित नियम इस प्रकार है:

(i) प्रत्येक पालतू पशु दुकान के मालिक को अपने राज्य केंद्र शासित प्रदेश के पशु कल्याण बोर्ड में खुद/ को पंजीकृत कराना होगा।
(ii) राज्य बोर्ड, एक वेटरिनेरी प्रैक्टिशनर और पशु क्रूरता निवारण सोसायटी के एक प्रतिनिधि द्वारा निरीक्षण के बाद ही दुकान पंजीकृत हो पाएगी।
(iii) इस नियम में दुकान में पक्षियों, बिल्लियों, कुत्तों, खरगोश, गिनी पिग, हम्सटर, चूहों के लिए स्थान को परिभाषित किया गया है।
(iv) इसके अलावा इसमें बुनियादी सुविधाओं, बिजली बैकअप-, सामान्य देखभाल, पशु चिकित्सा देखभाल और पशुओं के रखरखाव के लिए अन्य आवश्यकताओं को भी परिभाषित किया गया है।
) v) पशुओं की दुकान में उनकी बिक्री, उनकी मृत्य, उनके बीमार होने का पूरा रिकॉर्ड रखना भी अनिवार्य बनाया गया है।
(vi) प्रत्येक पालतू पशु की दुकान के मालिक को पिछले वर्ष के दौरान पशुओं की खरीद, बिक्री व अन्य महत्वपूर्ण जानकारी का ब्योरा और राज्य बोर्ड द्वारा पूछी गई अहम जानकारी को पूरी सालाना रिपोर्ट के रूप में जमा कराना होगा।

GENERAL STUDIES HINDI

नियमों का उल्लंघनप्रस्तावित नियमों क :े पूरा न होने पर दुकान का पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा। साथ ही पशुओं की जब्त कर पशु कल्याण संगठन या फिर बोर्ड से मान्यता प्राप्त रेस्क्यू सेंटर को सौंप दिया जाएगा।

8. 'कारोबार करने को आसान करने ' में दुनिया के 50 शीर्ष देशों में स्थान पाने हेतु सरकार ने रैंकिंग में सुधार के लिए किए गए उपाय :

